मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-615**
**18/09/2026**

# मुख्यमंत्री राहत कोष में बिहार प्रदेश भाजपा की ओर से दिए गए 51 लाख रुपये, मुख्यमंत्री ने जताया आभार

पटना, 18 सितम्बर 2026 :– मुख्यमंत्री राहत कोष में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय सरावगी ने भारतीय जनता पार्टी, बिहार की तरफ से 51 लाख रुपये की सहायता राशि दी। लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय सरावगी ने मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की और 51 लाख रुपये का चेक सौंपा।

मुख्यमंत्री ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय सरावगी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि यह राशि राज्य में आपदा एवं कठिन परिस्थितियों के समय जरूरतमंद लोगों की मदद में काम आएगी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी उपस्थित थे।

******